**Load Shedding in the Capital**

*25. SHRI RASHEED MASOOD:
SHRI BHIKHU RAM JAIN:

Will the Minister of ENERGY be pleased to state:

(a) whether attention of Government has been drawn to the Press report appearing in the 'Indian Express' dated 22nd August, 1980 regarding functioning of DESU (Delhi Electric Supply Undertaking) which has been continuously resorting to load-shedding in the capital since the onset of the summer this year; and

(b) if so, the precise steps taken by the Government to improve its functioning?

THE MINISTER OF ENERGY (SHRI A. B. A. GHANI KHAN CHAUDHURI): (a) The Government is aware of the Press report appearing in the *Indian Express* on 22nd August, 1980 regarding load shedding in Delhi.

(b) Necessary assistance is being given to DESU to meet the power requirements of Delhi by arranging power supply from Badarpur Thermal Power Power Station as well as arranging necessary assistance from the neighbouring Northern Grid from the neighbou.. .... .. ...... from time to time. By and large it is possible to meet the power requirements in Delhi. On certain occasions when the power availability is low due to outage of more generating units at I.P. and Badarpur Thermal Power Stations, load shedding was resorted to meet the situation. It is reported by DESU that normally information about the load sheddings is given wide publicity in the newspapers and the schedule of load shedding given in the Press is strictly adhered to. When there is a sudden shortage of power, it may not be possible for them to give advance publicity of the load shedding to the consumers. However, the power supply in Delhi has been maintained satisfactorily since August, 1980.

The restructuring of management of electricity supply in Delhi is also under consideration of the Government.

**विद्युत संबंधी राजाध्यक्ष समिति की सिफारिश**

*26. श्री मूल चन्द डागा : क्या ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि राजाध्यक्ष, समिति ने किसानों को बिजली की दरों में दी गई राहत वापस लेने की सिफारिश की है ; और

(ख) यदि हां, तो उस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

ऊर्जा मंत्री (श्री ए० बी० ए० गनी खान चौधरी) : (क) और (ख) : सुदृढ़ वित्तीय प्रबंध व्यवस्था तथा इसे प्राप्त करने के लिये समुचित टैरिफ ढांचों के संदर्भ में, विद्युत पर राजाध्यक्ष समिति ने सिफारिश की है कि कृषकों तथा ग्रामीण उपभोक्ताओं को एक वर्ग के रूप में आर्थिक सहायता देने की आवश्यकता नहीं है तथा ऐसी आर्थिक सहायता के लिये जो ग्रुप पात्र ठहराये जा सकते हैं वे हैं लघु तथा सीमान्त किसान तथा भूमिहीन श्रमिक और गन्दी बस्तियों के निवासी ।

समिति की रिपोर्ट की प्रतियां राज्यों को भेजी जा चुकी हैं, जो विभिन्न श्रेणी के उपभोक्ताओं के लिये टैरिफ निर्धारित करने के लिये सक्षम हैं । रिपोर्ट पर विद्युत मंत्रियों के अगले सम्मेलन में विचार-विमर्श किया जायगा ताकि इसकी सिफारिशों पर राज्यों के साथ परामर्श करके शीघ्रता-पूर्वक निर्णय लिये जा सकें ।